इसे वेबसाईट www.govtpressmp.nic.in
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## ( असाधारण )

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 536] भोपाल, गुरुवार, दिनांक 5 दिसम्बर 2013—अग्रहायण 14, शक 1935

## परिवहन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 5 दिसम्बर 2013

क्र. एफ 22-10-2012-आठ.—यत: शिक्षार्थी अनुज्ञप्तियां जारी करने, अनुज्ञप्ति केन्द्रों का प्रबंधन करने, वाहन चालन अनुज्ञप्तियां तथा वाहन पंजीयन प्रमाण-पत्र जारी करने, वेब आधारित वाहन पंजीयन, वेब आधारित परमिट प्रणाली, अनापत्ति प्रणाली, फिटनेस प्रणाली, इंटरनेट आधारित कर व फीस भुगतान प्रणाली, शिक्षार्थी/वाहन चालक अनुज्ञप्ति तथा फिटनेस अपाइन्टमेंट प्रणाली, दस्तावेजों की स्केनिंग, अनुज्ञप्तियों के लिये बायोमीट्रिक्स आधारित डी-डुप्लीकेशन इत्यादि के साथ-साथ परिवहन विभाग में सूचनां प्रौद्योगिकी के प्रोन्नत उपयोग के माध्यम से लोक प्रसुविधाओं में वृद्धि करने, पारदर्शिता लाने तथा ई-गवर्नेंस लागू करने की दृष्टि से, राज्य सरकार ने, परिवहन आयुक्त के कार्यालय के माध्यम से मेसर्स स्मार्ट चिप लिमिटेड (वेंडर) के साथ 27 सितम्बर, 2013 को एक मास्टर सर्विस एग्रीमेंट (एग्रीमेंट) किया है जिसके द्वारा वेंडर मध्यप्रदेश राज्य के समस्त परिवहन कार्यालयों में तय प्रक्रिया और कार्यप्रगति के अनुसार कम्प्यूटरीकरण करने और विभिन्न क्रियाकलापों का कार्यान्वयन करने के लिये प्रस्ताव निवेदन (आर. एफ. पी.) क्रमांक एम पी एस ई डी सी/बी ओ ओ टी/टी पी टी/2013/009 दिनांक 8 मार्च, 2013 के निबन्धनों के अनुसार सहमत हुआ है.

और यत: वाहन मालिकों/चालकों/सेवा चाहने वालों की सुविधा के लिये मध्यप्रदेश सरकार, वेंडर द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव निवेदन के अनुसार स्वीकार की गई और आशय पत्र क्रमांक एफ-22-10/2012/आठ दिनांक 23 अगस्त, 2013 जो कि उक्त अनुबन्ध का भाग है, जारी किया जाकर स्वीकार की गई नीलामी बोली के अनुसार यह अधिसूचना जारी करती है.

अतएव, इस परियोजना के अधीन बिल्ड ओन आपरेट ट्रांसफर (बी ओ ओ टी) के अंतर्गत अनुबन्ध के अनुसार उपरोक्त सेवाएं देने और उनका संधारण करने के लिये मध्यप्रदेश सरकार, एतद्द्वारा, मेसर्स स्मार्ट चिप लिमिटेड को, परियोजना की कालावधि के दौरान निम्नलिखित उपभोक्ता प्रभार वसूल करने, संग्रहीत करने और विनियोजित करने के लिये प्राधिकृत करती है, अर्थात् :—

| अनुक्रमांक (1) | मद (2) | इकाई (3) | मूल्य इकाई (रुपये) (4) |
|---|---|---|---|
| 1 | वेब आधारित प्रणाली द्वारा कर और फीस का भुगतान | प्रति संव्यवहार | 27.00 |
| 2 | वेब आधारित शिक्षार्थी अनुज्ञप्ति/वाहन चालन अनुज्ञप्ति/आर सी/फिटनेस/परमिट/वेब आधारित कोई अन्य सेवा | प्रति संव्यवहार | 36.00 |

यह भी अधिसूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित मूल्य इकाइयां समस्त लागू कर और शुल्क के अतिरिक्त हैं.

उपरोक्त वर्णित दरें, इस अधिसूचना के प्रभावी होने की तारीख से पांच वर्ष अथवा अनुबंध की समाप्ति, जो भी पहले हो, तक के लिये वैध रहेगी.

यह अधिसूचना 1 दिसम्बर, 2013 से प्रवृत्त हुई समझी जाएगी अथवा उस तारीख से (प्रभावी तारीख के रूप में नियत) प्रवृत्त हुई समझी जाएगी जिसको कि वेंडर उपरोक्त वर्णित सेवाएं/सेवा चाहने वाले/प्राप्त करने वाले उपभोक्ताओं को उपलब्ध करवाना प्रारंभ करता है, जो भी पश्चात्वर्ती हो.

No. F-22-10-2012-VIII.—WHEREAS, in order to enhance public convenience, transparency, enforcement and e-Governance through enhanced used of Information Technology in the Transport Department inter-alia for issuance of Learners Licences, Management of Licence test centres, issue of Driving Licences and Vehicle Registration Certificates, Web enabled vehicle registration, web enabled permit system, No Objection Certificate system, Fitness system, Internet based Tax and fee payment system, Learner/Driving Licence and fitness appointment system, Documents scanning, Boimetrics based de-duplication for licence, etc., the Government of Madhya Pradesh, through the office of the Transport Commissioner has entered into a Master Service Agreement (Agreement) with M/s Smart Chip Limited (Vendor) on 27th September, 2013, whereby, the Vendor has agreed upon to carry out the computerization and implementation of various activities as per the agreed process and workflow, in all the Transport Offices of the State of Madhya Pradesh as per the terms of Request for Proposal (RFP) bearing number MPSEDC/BOOT/TPT/2013/009 dated 8th March, 2013.

AND WHEREAS, for the convenience of vehicle Owners/Drivers/Serivce Seeker, the Government of Madhya Pradesh, hereby, issues this Notification in accordance with the price bid accepted by the Vendor as submitted against Request for Proposal and accepted by issuance of Letter of Intent bearing number F. 22-10/2012/EIGHT dated 23rd August 2013 which is the part of the said Agreement.

NOW, THEREFORE, as per the Agreement to deploy, deliver and maintain the aforesaid service as Build Own Operate Transfer (BOOT) Vendor under this project, the Government of Madhya Pradesh, hereby, authorises M/s Smart Chip Limited to levy, collect and appropriate the following user charges during the project period, namely :—

| S. No. (1) | Item (2) | Unit (3) | Unit Price (Rs.) (4) |
|---|---|---|---|
| 1 | Payment of Taxes and Fees from Web based system | Per Transaction | 27.00 |
| 2 | Web based LL/DL/RC/Fitness/Permit/any other web based service | Per Transaction | 36.00 |

It is also notified that above mentioned unit prices are exclusive of all applicable taxes and duties.

Above mentioned rates are valid for five years or termination/expiry of the agreement whichever is earlier, from the 'effective date' of this notification.

This notification shall be demmed to have come into force from 1st December, 2013 or shall come into force from the date on which the Vendor will start providing all of the aforesaid services to the user seeking/availing services/ services, whichever is latter (termed as the "effective date".).

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**संजीव कुमार झा,** सचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2013.